दिशा–निर्देश

1. **विश्वविद्यालय से पूर्व में सम्बद्ध संस्थानों हेतु शैक्षणिक सत्र 2025–26 में सम्बद्धता प्राप्त करने के लिये ऑन–लाइन आवेदन करना अनिवार्य हैं।**
2. संस्थानों से प्राप्त आवेदन पत्र की जांच उपरांत सही पाये जाने पर सम्बद्धता शुल्क व निरीक्षण शुल्क हेतु मांग पत्र प्रेषित किया जायेगा।
3. संस्था द्वारा प्रस्तुत आवेदन–पत्र पूर्ण रूप से भरा होना आवश्यक है। अपूर्ण आवेदन–पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा। अतः यह सुनिश्चित किया जावे कि आवेदन पत्र में मांगी गई सूचनायें पूर्ण हो एवं सभी वांछित दस्तावेज आवेदन–पत्र के साथ संलग्न हो।
4. आंवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क रु. 1,000/– तथा प्रक्रिया शुल्क रु. 10,000/– कुल रू. 11,000/– (ग्यारहः हजार मात्र) विश्वविद्यालय के खाता संख्या **A/C No. 676801702111 IFSC Code - ICIC0006768 MNIT Campus, JLN Marg, Jaipur-302017** में जमा करा कर मय रसीद संलग्न करे।
5. परिनियम 3.2.1 के तहत रु. 5 लाख की Joint FDR (Updated) की छायाप्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
6. समस्त संस्थानों को शैक्षणिक सत्र 2024–25 से सीटों का आंवटन 30 छात्र प्रति बेच व स्नातकोत्तर में 20 छात्र प्रति बैच आवंटित किये जायेंगें। इसके अतिरिक्त सीटों की मांग पर प्रति बैच सम्बद्धता शुल्क का 50% शुल्क के रूप में लिया जायेगा।